>

Title: Need to develop Pharma city and Medi city in the hilly states of the country.

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान पर्वतीय राज्यों को फार्मासिटी एवं मेडिसिटी के रूप में विकसित करने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। हिमालय की गोद में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड राज्य हैं, जहां कि जलवायु जड़ी-बूटियों के उत्पादन के लिए बहुत अनुकूल है। इन जड़ी-बूटियों के उत्पादन से अनेक रोगों के उपचार की दवाइयां विकसित की जा सकती हैं। उत्तराखण्ड के चमोली, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा आदि ऐसे जिले हैं, जहां जड़-बूटियों के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, विशेषकर चमोली जिले में गैरसैंण और द्रोणागिरी पर्वत। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पर्वतीय राज्यों में ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर सरकार उनको फार्मासिटी एवं मेडिसिटी के रूप में विकसित करने की कोई विशेष कार्ययोजना बनाए और उसे कार्यान्वित करे।